# NEWSLETTER

GOLD : 51234
SILVER : 54816
CRUD OIL : 7415

Download Our App **"SIS CONNECT"** For Daily Updates. CLICK HERE

27/08/2022

## किसान की आवाज



राजस्थान के गंगापुर के नजदीक बसे गांव महेंद्रगढ़ के किसान **शिवलाल कुम्हार** पिछले 15 सालों से कपास की खेती कर रहे है। शिवलाल बताते है कि मेरे पास कुल 12 बीघा जमीन है जिसमें से हर साल लगभग 2 बीघा पर मैं कपास बोया करता था। लेकिन पिछले साल कपास कीमतों के भाव बहुत अच्छे मिले है और हमें उम्मीद है कि इस साल भी कपास अच्छे भाव में बिकेगा। यही वजह है कि इस बार हमने 5 बीघा पर कपास बोया है।

हम किसानों की सरकार से केवल यही मांग है कि फसल का अच्छा भाव मुहैया करवा दें। बाकि फसल तो बारिश पर निर्भर करती है। अभी कपास लगाए हमें 2 महीने हो गए है। चूंकि पानी बहुत बरस रहा है इसलिए पौधा ज्यादा बड़ा नहीं हो पाया है। फिलहाल पौधे की लंबाई 1 से 2 फीट के बीच है। कपास के पौधे की देखभाल हम किसानों को एक बच्चे की तरह करनी होती है क्योंकि यह बहुत नाज़ुक होता है। अभी 3 महीने और फसल का बहुत ध्यान रखना होगा। सामान्यतः हमें 1 बीघा में 10 क्विंटल फसल मिल जाती है। उम्मीद है इस बार यह आंकड़ा भी बढ़ेगा। और पैदावार ज्यादा अच्छी होगी।



**सुनहरा अवसर**

इंडस्ट्री से जुड़े **40** हजार से ज्यादा लोगों तक पहुंचाए अपने बिजनेस की हर जानकारी हमारे माध्यम से पाएं अपने बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा अवसर

जानकारी के लिए संपर्क करें-
9111977771


## राजस्थान के विजयनगर क्षेत्र के प्रतिष्ठित जिनर प्रवीण नागपाल से खास बातचीत

***टेक्सटाइल इंडस्ट्री में जिनर हो या स्पिनर कामयाब तभी हो पाता है जब कपास की पैदावार अच्छी हो। फसल अच्छी होना सिर्फ किसानों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी इंडस्ट्री के लिए बहुत जरूरी है। यह बात कही राजस्थान के विजयनगर क्षेत्र के जाने-माने कॉटन जिनर प्रवीण नागपाल ने। प्रवीण ने बताया कि इस साल विजयनगर क्षेत्र में किसानों ने कपास की जमकर बिजाई की है। इसलिए उम्मीद है कि पैदावार भी अच्छी होगी। पिछले साल विजयनगर में 1 लाख 50 हजार गांठें आई थी, जबकि इस साल 2 लाख गांठ आने की संभावना है।***



**प्रवीण नागपाल**

## कपास की पैदावार अच्छी तो कारोबारी की सफलता निश्चित

### प्रवीणजी ने 2011 में पहली कॉटन जिनिंग फैक्ट्री लगाई थी।

वे बताते है सन्1975 से हमारी आड़त की दुकान है। जब किसान दुकान आते थे तो कपास को तुलवाते हमारे यहां थे और बेचने के लिए खरीदार ढूंढते थे। उस वक्त हमने सोचा कि क्यों ना एक जिनिंग फैक्ट्री शुरू करें जिससे हमसे जुड़े किसानों को भी आसानी होगी और हम भी 1 और बिजनेस शुरू कर पाएंगे। इसी सोच के साथ 2011 में खेमचंद नागपाल कॉटन इंडस्ट्री की शुरूआत की। बिजनेस में अच्छा रिस्पॉन्स मिला तो 2019 में एक और जिनिंग फैक्ट्री प्रकाश कॉटन इंडस्ट्रीज के नाम से शुरू की। वर्तमान में यह दोनों फैक्टी क्रमशः 24 और 36 डीआर मशीन क्षमता के साथ कार्यरत है।

हम खाद और बीज का कारोबार भी करते है। इनदिनों देखने में आ रहा है कि नए बीज की डिमांड ज्यादा है। क्योंकि इन बीजों से फसल की पैदावार अच्छी हो रही है। सरकार को अब एक नया बीज जल्द ही ले आना चाहिए इससे कपास की खेती और व्यापार दोनों को ही मजबूती मिलेगी।

### मुख्य बिंदु :

*- राजस्थान में फैक्टी लगाने पर गवर्नमेंट 35 प्रतिशत सब्सिडी देती है, इसलिए यहां जिनिंग फैक्ट्री की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले 5 सालों में भगवानगढ़ और विजयनगर में कुल 10 से ज्यादा जिनिंग फैक्ट्री लग चुकी है।*

*- कॉटन में मॉइश्चर इनदिनों जिनर्स के लिए परेशानी का मुख्य कारण है। लेकिन हमें खुशी है कि हमारे क्षेत्र में यह समस्या दूसरी जगह की तुलना में कम है। हमें नेचुरल मॉइश्चर वाला कपास ही मिलता है मिलावट वाला नहीं।*

*- कॉटन के भाव अभी ज्यादा है लेकिन उम्मीद है कि नए सीजन में कुछ मंदी आएंगी। यदि भाव कम होते है तो ही कारोबार करना संभव होगा अन्यथा फैक्ट्री और मिल बंद ही करना पड़ेगी।*




## जानिए टेक्सटाइल निवेशकों के लिए कैसा रहा यह सप्ताह

### 22 अगस्त से 27 अगस्त के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर वर्तमान भाव-

शेयर मार्केट के लिए यह सप्ताह उतार-चढ़ाव वाला रहा। टेक्सटाइल सेक्टर में कुछ कंपनीज के शेयर्स ने पॉजीटिव मार्केट केप लेकर दमदारी से अपनी जगह बनाए रखी तो कुछ कंपनीज के शेयर्स प्राइज निगेटिव भी हुए। जानिए बीएससी के मंच पर कैसा रही प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की परफॉर्मेंस-

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 335.7 | 344.9 | 327.1 | 0.51% |
| अरविंद लिमिटेड | 99.4 | 103.7 | 95.35 | 0.71% |
| वेलसपन इंडिया | 78 | 80.1 | 76.4 | -0.51% |
| नितिन स्पिनर्स | 210.1 | 217.95 | 203.5 | -2.57% |
| रेमण्ड | 965 | 981.45 | 935.05 | -0.21% |
| अक्षिता कॉटन लिमिटेड | 325.65 | 339.15 | 308.15 | 0.84% |

## जानिए कॉटन के लिए कैसा रहा अगस्त का महीना

**SMART INFO SERVICES**

**CALL : 91119 77775**

**WEEKLY AND MONTHLY CHART 27.08.2022**

| ICE COTTON | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| MONTH | 5.08.22 | 12.08.22 | 19.08.22 | 26.08.22 | WEEKLY CHANGE | MONTHLY CHANGE |
| DEC | 96.13 | 108.59 | 116.01 | 117.68 | 1.67 | 21.55 |
| MARCH | 93.8 | 105.64 | 112.84 | 114.37 | 1.53 | 20.57 |
| MAY | 92.35 | 103.87 | 109.89 | 111.16 | 1.27 | 18.81 |
| MCX (BALES) | | | | | | |
| AUG | 47180 | 48640 | 50300 | 48830 | -1470 | 1650 |
| OCT | 38950 | 39810 | 40400 | 39380 | -1020 | 430 |
| NOV | 34200 | 35130 | 36650 | 37200 | 550 | 3000 |
| NCDEX (KAPAS) | | | | | | |
| APRIL | 1693 | 1739 | 1761 | 1752 | -9 | 59 |
| NCDEX ( COCUD KHAL) | | | | | | |
| SEP | 2713 | 2790 | 2733 | 2793 | 60 | 80 |
| DEC | 2465 | 2508 | 2445 | 2414 | -31 | -51 |
| CURRENCY ($) | | | | | | |
| INDIAN (Rupee) | 79.23 | 79.66 | 79.91 | 79.87 | -0.04 | 0.64 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 224.302 | 218.92 | 214.919 | 220.649 | 5.73 | -3.653 |
| CNY (Chinese yuan) | 6.76228 | 6.74289 | 6.81728 | 6.87151 | 0.05423 | 0.10923 |
| BRAZIL (Real) | 5.61599 | 5.07901 | 5.16992 | 5.06776 | -0.10216 | -0.54823 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.44696 | 1.40292 | 1.45455 | 1.45263 | -0.00192 | 0.00567 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.45604 | 4.44414 | 4.476 | 4.46799 | -0.00801 | 0.01195 |
| COTLOOK "A" INDEX | 113.1 | 122.75 | 131 | 132.25 | 1.25 | 19.15 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 116.65 | 120.06 | 125.43 | 131.27 | 5.84 | 14.62 |
| USDA SPOT RATE | 106.04 | 118.8 | 124.11 | 125.05 | 0.94 | 19.01 |
| MCX SPOT RATE | 44600 | 45690 | 47740 | 47070 | -670 | 2470 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 17000 | 17500 | 20500 | 22500 | 2000 | 5500 |
| GOLD ($) | 1792.4 | 1818.4 | 1760.3 | 1750.8 | -9.5 | -41.6 |
| SILVER ($) | 19.86 | 20.835 | 18.965 | 18.775 | -0.19 | -1.085 |
| CRUDE ($) | 88.53 | 91.88 | 89.97 | 92.97 | 3 | 4.44 |

अगस्त महीने के आखरी कारोबारी सप्ताह की कॉटन रिपोर्ट के अनुसार इस माह फिर से कॉटन की कीमतों में इजाफा हुआ है जबकि सप्ताह की बात करें तो कीमतों में कुछ कमी आई है।

इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज पर दिसंबर, मार्च और मई के मंथली कॉटन रेट में क्रमशः 21.55, 20.57 और 18.81 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जबकि एमसीएक्स पर साप्ताहिक परिवर्तन में कॉटन भाव कम और मासिक परिवर्तन में कॉटन भाव तेज रहे। वहीं एनसीडीएक्स पर कपास के भाव भी साप्ताहिक स्तर पर 9 रूपए घटे और मासिक अंतर पर 59 रूपए बढ़ गए।

करंसी की बात करें तो इस माह पाकिस्तानी रूपये और ब्राजील रियल को छोड़कर अन्य देशों की करंसी ने डॉलर के मुकाबले बढ़ोतरी हासिल की।

इंटरनेशनल एक्सचेंज मार्केट में कॉटलुक ए इंडेक्स, ब्राजील कॉटन इंडेक्स, यूएसडीए स्पॉट रेट, एमसीएक्स स्पॉट रेट और केसीए स्पॉट रेट सभी पर कॉटन भाव में अगस्त माह के अंत में बढ़ोतरी दर्ज की गई।